S. No.	Mine	No. of Accident	No of Serious Inj.	Cause
9	Chakballavpur	1	1	Rope Haulage
10	Gopinathpur	2	2	Extremely caught between Object and**
11	Satgram Incl.	2	2	Fall of Person Fall of Object
12	Madhujore	2	2	Fall of Object Flying Piece
13	Parsia OCP	1	1	Fall of Person
14	Maha Kajore	2	5	Air Blast Extremely caught between Object
15	Jamenari	1	1	Hand Tramming
16	Madhai pur	2	2	From Truck Fall of Roof
17	J. K. Nagar	1	1	Extremely caught between Object
18	Bankola	1	1	From C. C. M.
19	Seetalpur	1	1	Fall of Object
20	Belbaid	1	1	Fall of Person
21	Dhemomain	1	1	Extremely caught between Object
22	Nimcha	1	1	Fall of Object
23	Shankarpur U.G.	1	1	Fall of Person
24	Khas Kajora	1	1	Extremely caught between Object
		32	36	

**FALL OF PERSON

बिजली संयंत्रों को पत्थर मिश्रित कोयले की आपूर्ति किया जाना

1178. **श्री अनन्तराम जायसवाल** : क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि उत्तर प्रदेश के सोमभद्र जिले की कोयला खानों से रेणुकूट, शक्तिनगर, विन्दनगर तथा आनपारा में स्थित विद्युत उत्पादक इकाईयों को सप्लाई किए जा रहे कोयले में दस प्रतिशत मात्रा पत्थरों की रहती है;

(ख) यदि हां, तो सरकार को इस तथ्य के बारे में सबसे पहले कब पता चला;

(ग) क्या इन इकाईयों को पत्थर मिश्रित कोयले की सप्लाई बन्द करने के लिए कोई उपाय किए गए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

कोयला मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एस० बी० नयमेगौडा) : (क) और (ख) कोल इंडिया लि० से प्राप्त सूचना के अनुसार उन्हें बिध्याचल और अन्नपारा ताप विद्युत गृहों से 10 प्रतिशत पत्थर के साथ कोयले की आपूर्ति होने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है ।

(ग) से (ङ) कुछ खानों में मिट्टी की पतली परत और पत्थर, कोयला सीमों में मिश्रित रूप में विद्यमान हैं । ऐसी सीमों से कोयले का खनन करते समय ये परतें कोयले के साथ मिल जाती हैं । कोयला कंपनियां उपभोक्ताओं को भेजे जाने वाले कोयले में पत्थर और कंकड़ के तत्वों को न्यूनतम किए जाने के लिए निम्नलिखित कदम उठा रही हैं :—

(1) कोयले का लदान करते समय पत्थरों को पृथक किया जाना ।

(2) कोयला रख-रखाव संयंत्रों में पत्थर तथा कंकड़ के टुकड़ों को उठाए जाने के लिए धीमी चलने वाली पिकिंग बैल्ट्स की व्यवस्था करना ।

(3) साइडिंग पर कोयले का पर्याप्त मात्रा में स्टाक का अनुरक्षण करना ताकि लदान से पूर्व कंकड़ तथा पत्थर को चुनने के कार्य का सुनिश्चय किया जा सके ।

(4) गुणवत्ता नियंत्रण को बनाए रखने के लिए बेहतर पर्यवेक्षण का सुनिश्चिय करना, और लदान साइडिंग पर कार्यरत कामगारों, पर्यवेक्षकों, अधिकारियों में गुणवत्ता संबंधी जागरूकता विकसित करना ।

Production target of Coal India Limited during 1992-93

1179. SHRI RAM NARESH YADAV : Will the Minister of COAL be pleased to state :

(a) what is the target of production of coal of Coal India Limited for the year 1992-93; and

(b) and in what manner the target will be achieved indicating the details thereof ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COAL (SHRI S. B. NYAMAGOUDA) : (a) The Planning Commission has fixed the coal production target for Coal India Limited for the year 1992-93 at 210.00 million tonnes.

(b) The target of 210.00 million tonnes is proposed to be achieved from production from existing mines, on-going projects and new projects; the break-up of which is as under :-

	Production (in million tonnes)
Existing mines . . .	128.85
On-going projects . . .	73.58
New Projects . . .	7.57
TOTAL :	210.00

93-L/J(D)29RSS—8

Period of stay in Delhi by Official of C.I.L.

1180. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL : Will the Minister of COAL be pleased to state :

(a) the details of the officials of Coal India Limited posted in Delhi;

(b) the tenure of their stay in Delhi;

(c) whether some officials of Coal India Limited are posted in Delhi for the last more than one decade;

(d) whether the norms for transferring such officials are not followed strictly by the Coal India Ltd.; and

(e) if so, the reasons therefor and by when the officials also who have been completed more than 5 years in Delhi would be posted in other cities ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COAL (SHRI S. B. NYAMAGOUDA) : (a) to (e) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

कोल इंडिया लिमिटेड के अधीन भूमिगत परियोजनाओं द्वारा कोयले का उत्पादन

1181. **श्री राम जेठमलानी :**

सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 3 अप्रैल, 1992 के 'फाइनेंशियल एक्सप्रेस' में "इन सर्च आफ क्वालिटी कोल" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि उत्तम गुणवत्ता वाले कोयले का उत्पादन करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड ने 161 भूमिगत परियोजनाओं को चालू करने की स्वीकृति ले ली है;

(ग) यदि हां, तो इन परियोजनाओं पर उत्पादन कार्य किस तारीख से प्रारंभ किया जाएगा तथा इन नई परियोजनाओं से उत्तम गुणवत्ता वाले कोयले की कितनी मात्रा प्राप्त होने का